卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: ॐ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॐ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 243 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦10 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सेना को मिले 331 युवा अफसर

देहरादून (उद संवाददाता)। भारतीय सैन्य अकादमी से शनिवार को युवा अफसर देश सेवा के लिए सेना की मुख्यधारा में जुड़ गए। इसके साथ ही मित्र राष्ट्रों के 42 कैडेट्स भी पास आउट हुए। पासिंग आउट परेड की सलामी इस बार सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय ने ली। अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर सुबह छह बजे परेड शुरू हुई। परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसके बाद देश और विदेश के 373 कैडेट्स अफसर बनकर अपनी सेनाओं की मुख्य धारा में जुड़ गए।



इनमें 331 अफसर भारतीय सेना को मिले। इनमें डायरेक्ट एंट्री वाले 55 कैडेट्स शामिल हैं। जबकि, एक्स एनडीए 204 और एक्स एससी 40 कैडेट्स पास आउट हुए। 32 कैडेट्स टीजीसी कोर्स के हैं। आईएमए की स्थापना के बाद से अब तक यहां से 64862 देशी एवं विदेशी कैडेट्स पास आउट हो चुके हैं। वहीं, आईएमए के नाम अब तक 2885 विदेशी कैडेट्स को ट्रेनिंग देने का गौरव जुड़ गया है। इस बार भी उत्तर प्रदेश हर बार की तरह सबसे ज्यादा कैडेट्स देने वाला राज्य बना है। उत्तर प्रदेश के 63 कैडेट्स पासआउट (शेष पृष्ठ सात पर)

## इस्लाम का कट्टर समर्थक बना हिंदू युवक

### पिता की शिकायत पर पुलिस ने हिरासत में लिया

देहरादून (उद संवाददाता)। क्रिप्टो में ऑनलाइन ट्रेडिंग करते-करते डोईवाला का एक हिंदू युवक इस्लाम का कट्टर समर्थक बन गया। ऑनलाइन इस्लामिक साहित्य पढ़ने और कुछ ग्रुपों से जुड़कर उसका मूल धर्म से इतना मोह भंग हुआ कि वह घर वालों से मारपीट करने लगा। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, डोईवाला कोतवाली क्षेत्र के बुल्लावाला के एक व्यक्ति ने शुक्रवार को पुलिस से शिकायत थी। उन्होंने बताया था कि उनका बेटा वैभव बिजल्वाण बीते तीन-चार साल से घर से बाहर नहीं निकला है। वह ज्यादातर समय



अपने कमरे में ही रहता है। एक दिन जब उसके पिता ने वैभव से बात की तो वह खुद को मुस्लिम बताने लगा। उन्होंने टोका और उसे मनोचिकित्सक के पास ले जाने को कहा। इस पर वैभव ने पिता के साथ ही मारपीट की। परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी अभद्रता करने लगा। शिकायत के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे की जांच-पड़ताल की। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि युवक ने पॉलीटेक्निक की (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेंट की दुकान में भड़की आग, लाखों की क्षति

रूद्रपुर। किच्छा रोड पर पेंट की दुकान में आग लगने से लाखों से लाखों





का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग को काबू किया। अग्निकाण्ड में करीब पचास लाख की क्षति का अनुमान है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार शांति कालोनी निवासी इकरार की किच्छा रोड हाईवे पर कुष्ठ आश्रम के सामने पेंट और फर्नीचर की दुकान है। शनिवार को दुकान में अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुंआ तेजी से उठने लगी। जिससे पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर दमकल के दो वाहन आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गये। घंटों की मशक्कत के (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी पुलिस कर्मियों ने श्रमिक से नगदी और मोबाइल लूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खुद को पुलिस कर्मी बताकर दो लोगों ने युवक से नगदी और मोबाइल लूट लिया। घटना की सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार पीलीभीत निवासी अनुज कुमार यहां ट्रांजिट कैम्प गोल मढ़ैया में रहता है। शुक्रवार रात आठ बजे वह रेशमबाड़ी से मजदूरी करके लौट रहा था। साई मंदिर के सामने वाली गली में पहुंचने पर दो लोगों ने उसे रोक लिया और खुद को पुलिस कर्मी बताकर उससे पूछताछ करने लगे। इसी बीच उक्त फर्जी पुलिस कर्मियों ने युवक से 1400 (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से मोबाईल चोरी कर भागता दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में धक घर से मोबाईल चोरी करभाग रहे युवक को लोगों ने दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया । मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सुनीता देवी पत्नी राम सिंह निवासी आजाद नगर वार्ड 4 ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसकी घर के पास में एक छोटी सी दुकान है । दुकान में बैठे उसने घर का दरवाजा खुला देखा तो वह दुकान से अपने घर दरवाजे को देखने गई। उसने देखा एक व्यक्ति घर के (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाल श्रम कराने पर दो दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम, श्रम विभाग तथा चाईल्ड़ हेल्प लाईन द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध चलाये अभियान में ट्रांजिट कैम्प के दो प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम होता पाया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने दोनों व्यापारियों के विरूद्ध मामला दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार पुरोहित ने कहा है कि बचपन बचाओं संस्थान द्वारा चलाये गये अभियान के दौरान मैसर्स शुद्ध शाकाहारी भोजनालय, शमशान घाट रोड, ट्रांजिट कैम्प एवं मैसर्स श्री मंगलम स्वीट्स ट्रांजिट कैम्प रोड में बाल श्रम होता पाया गया। मौके पर काम करते मिले दो बच्चों की काउंसलिग की गई। बाल श्रमिक का नियोजन पूर्णत: निषिद्ध है तथा यह एक संज्ञेय तथा दण्डनीय अपराध है। चिन्हित बाल श्रमिक द्वारा पूछताछ में बताया कि वह भोजनालय में भट्टी के पास आटे की लोई बनाने का कार्य करता है। पुलिस ने मदनलाल स्वामी मैसर्स शुद्ध शाकाहारी भोजनालय, शमशान घाट रोड, ट्रांजिट कैम्प, तथा सुमित स्वामी मेसर्स श्री मंगलम स्वीट्स, ट्रांजिट कैम्प रोड के विरूद्ध के विरूद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संदीप संधू की याद में रक्तदान के लिए उमड़े

रुद्रपुर (उद संवाददाता) ।दिवंगत छात्र नेता स्वर्गीय संदीप संधू की याद में उनके समस्त मित्रों छात्र शक्ति एवं युवा शक्ति द्वारा आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में इस बार भी सेकड़ों युवा उमड़ पड़े। प्रात: 9 बजे से रुद्रपुर के किच्छा रोड स्थित सरकारी रक्तकोष में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं नें लोकप्रिय एवं बहुत ही हंसमुख स्वभाव के धनी स्वर्गीय संदीप संधू को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पंचायत सदस्य लखबीर सिंह लक्खा नें बताया कि जीवन बचाने के लिए खून चढाने की जरूरत पडती है। दुर्घटना, रक्तस्त्राव, प्रसव और ऑपरेशन आदि अवसरों में शामिल है, जिनके कारण अत्यधिक खून



बह सकता है और इस अवसर पर उन लोगों को खून की आवश्य्यकता पडती है। थलेसिमिया, ल्यूकिमिया, हीमोफिलिया जैसे अनेंक रोगों से पीडित व्यक्तियों के शरीर को भी बार-बार रक्त की आवश्यकता रहती है अन्यथा उनका जीवन खतरे में रहता है। जिसके कारण उनको खून चढाना अनिवार्य हो जाता है। युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गाबा ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि जांचें हो जाती हैं। इस दौरान रक्तकोष प्रभारी डॉ जवाहरलाल चौधरी, जिला पंचायत सदस्य संदीप चीमा, प्रमोद शर्मा, जितेंद्र बृजवाल, डॉक्टर अभिषेक चौधरी, अरुण कुमार बघेल, सुमन, जावेद अख्तर, मोहित शारदा, गौरव खुराना, संदीप संधू, मंजीत पाल सिंह, चमन खान, आशीष ग्रोवर आशु, हरपाल सिंह, सतपाल सिंह, शाहिद खान, सौरभ शर्मा, रमित रजवार, हैप्पी चावला, हरविंदर (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी राज में गरीब पर दोहरी मार

### तहबाजारी भुगतान के बावजूद पुलिस काट रही चालान, नगर निगम के वेंडिंग जोन से भी खदेड़े जा रहे गरीब

■ अर्श

रूद्रपुर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक ओर जहां सरकारी नौकरियों में नई भर्ती की मुहिम छेड़ कर सूबे में बेरोजगारों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनका निजाम गरीब ठेली वालों की दो वक्त की रोजी - रोटी कमाना भी मुहाल किए हुए हैं और गरीब ठेली वालों का रोजगार छीन प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने पर आमादा है। देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन के विभिन्न विभागों-अनुभागो द्वारा मुख्यमंत्री के सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के मुख्यमंत्री के आदेश को की व्याख्या बड़े ही विचित्र मानकों के आधार पर की जा रही है और खासे अमानवीय तरीके से उसे अमल में भी लाया जा रहा है। जी-20 की बैठक में शिरकत करने आए विदेशी मेहमानों के रुद्रपुर भ्रमण के तकरीबन 1 माह बाद तक जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस की एक संयुक्त टीम तकरीबन रोजाना ही, रुद्रपुर की प्राय: सभी प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करती रही और ठेली वालों को




नगर निगम का वेंडिंग जोन जहां चालान की कार्यवाही की गई

सड़क के किनार ठेली लगाकर व्यापार करने से रोकती रही और समय-समय पर उनका चालान भी करती रही। मुख्यमंत्री द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान की आड़ में गरीबों का उत्पीड़न तत्काल बंद करने के आदेश के बाद स्थानीय प्रशासन के राजस्व विभाग एवं नगर निगम अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा तो यह मुहिम रोक दी गई, लेकिन गरीब ठेली वालों के पुलिसिया उत्पीड़न का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। ताजा हालात कुछ ऐसे हैं कि मित्र पुलिस का जत्था रुद्रपुर शहर के किसी भी सड़क में कभी भी पहुंच जाता है और सड़क के किनारे फुटपाथ पर ठेली लगाकर व्यापार कर रहे गरीबों का चालान कर देता है। पुलिस की यह कार्यवाही हर एक-दो दिन के अंतराल में निरंतर हो रही है। किसी मार्ग विशेष अथवा स्थान विशेष जहां थैलियों की लगने से यातायात बाधित होता हो,वहां आवागमन सुचारू रखने एवं सड़क को खुला रखने के लिए अगर पुलिस ऐसी कार्यवाही करें,तो यह किसी भी दृष्टि से आपत्तिजनक नहीं है । मगर पुलिस उन मार्गों पर (शेष पृष्ठ 7 पर)

# उत्तराखंड में लव और लैंड जिहाद की गतिविधियां बर्दाश्त नहीं : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी, चमोली, देहरादून समेत विभिन्न जिलों में लव जिहाद की घटनाओं पर सख्त रुख अखित्यार करते



हुए उच्चाधिकारियों को कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड कोई सॉफ्ट टारगेट नहीं है, यहां लव जिहाद जैसी गतिविधियां नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को गृह और पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की और लव जिहाद की घटनाओं पर रिपोर्ट मांगी। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को सत्यापन अभियान को कड़ाई और तेजी के साथ चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान समय-समय पर जारी रहे और यदि कोई संदिग्ध पकड़ में आए तो उसकी जांच करके सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले दो-तीन महीनों में लव जिहाद की घटनाएं बढ़ी हैं। सीएम ने कहा धर्मांतरण कानून लाने के बाद ऐसे मामलों में कार्यवाही हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में जनसांख्यिकीय बदलाव हुआ है। राज्य में किसी भी तरह के संदिग्ध लोगों को आने से रोकने के लिए पुलिस को सत्यापन अभियान दोबारा चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लव जिहाद सरीखे मामलों में किसी भी प्रकार की ढ़ील नहीं दी जाए और सख्त कार्रवाई हो।सीएम ने कहा कि लव जिहाद जैसे मामलों को लेकर राज्य के लोगों में जागरूकता बढ़ी है। यह देखने में आया जिन परिवारों में ऐसी घटनाएं हुईं, उन्होंने आगे आकर इसका प्रतिकार करना शुरू किया। सरकार सख्ती से काम करेगी और ऐसी घटनाओं को आगे नहीं बढ़ने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बेहद गंभीर विषय है। कुछ लोग भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हम बार-बार कह चुके हैं कि लंबे समय से काबिज पुरानी बसावटों, खत्तों आदि को नियमित करने के लिए कैबिनेट की एक कमेटी बनाई गई है। लेकिन जिनके कारण डेमोग्राफी बदली है और कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। सरकारी भूमि को प्रतीक स्थल के नाम पर कब्जाने का खेल नहीं चलेगा।

## कभी लव जिहाद, कभी लैंड जिहाद,भाजपा कब विकास को चुनावी एजेंडा बनाएगी?



देहरादून। कांग्रेस के वरिरूठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि हमारी परंपरागत संस्कृति और सद्भाव जो हमारा स्वभाव है, दोनों बने रहें यह हमारा प्रथम नागरिक कर्तव्य है। राजनीतिक दल के रूप में भाजपा कब विकास को चुनावी एजेंडा बनाएगी, विकास में मानव विकास भी सम्मिलित है! यह प्रतीक्षा और लंबी होती जा रही है। कभी लव जिहाद, कभी लैंड जिहाद, कभी जो राज्यों का विषय है ही नहीं कॉमन सिविल कोड उसकी आड़! जो मुद्दे कानून व्यवस्था के सवाल हैं उनको यदि आप चुनावी विशाख के लिए उपयोग करेंगे तो न नुकसान राज्य के सामान्य लोगों का होगा, आखिर बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, महिला उत्पीड़न, भूमि सुधार, पर्यावरण रक्षा, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य पर कब बात होगी ? कांग्रेस निरंतर इन सवालों को उठा रही है। आप इन जिहादियों के साथ खड़े हैं या जनकल्याण के जनूनियों के साथ, यह आपको तय करना है।

# ज्यादा शराब गटकने से दो लोगों की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दो अलग अलग स्थानों पर ज्यादा शराब पीने से 2 लोगों की सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंच कर दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बिजनौर यूपी निवासी निवासी 38 वर्षीय योगेश कुमार परिवार सहित राजपुरा में रहता था।अत्यधिक मात्रा में शराब पी लेने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई। जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए एसटीएच ले आए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य मामले में जनपद उधम सिंह नगर के भूत बंगला रुद्रपुर निवासी मनोज कुमार (55) की भी ज्यादा मात्रा में शराब पीने से हालत बिगड़ गई। परिवार वालों ने उसे पहले रुद्रपुर डॉक्टरों को दिखाया जहां उसके हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने उसे एसटीएच रैफर कर दिया था। परिजनों ने उसे चिकित्सालय में भर्ती किया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्टया डॉक्टरों ने अधिक शराब पीने की पुष्टि करते हुए दोनों के मौत के कारण बताया है। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर मेडिकल चौकी पुलिस ने दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## चैकिंग अभियान में काटे 169 वाहनों के चालान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना के निर्देश क्रम में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने और यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग की प्रवृत्ति पर रोक लगाये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को हल्द्वानी सम्भाग के सभी प्रवर्तन दलों को सभी प्रकार के यात्री वाहनो (बस / टैक्सी / मैक्सी / अन्य) में विशेष चौकिंग अभियान चलाया गया । जिसके क्रम में सम्भाग स्तर पर कुल 26 बसें, 13 टैक्सी, 35 मैक्सी, 28 प्राईवेट वाहन एवं 68 अन्य सहित कुल 169 वाहनों के चालान विभिन्न अभियोगों में किये गये। अभियान के दौरान 12 यात्री वाहनों को सीज किया गया। ओवर लोडिंग पर सख्त कार्यवाही करते हुये 62 वाहनों का ओवरलोड के अभियोग में चालान किया गया, इसके अतिरिक्त 25 बिना परमिट, 23 बिना फिटनेस 48 बिना डी०एल० एवं 45 बिना कर 23 बिना बीमा, 15 बिना पीयूसीसी, 17 सीट बैल्ट, 6 प्रैशर हॉर्न, 2 मोबाईल का प्रयोग अभियोग में चालान किये गये एक वाहन के परमिट एवं 40 वाहन चालकों के लाईसेंस के विरूद्ध व 102 अन्य अभियोगों में वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई।

# गुड्डू बनकर दो सगी बहनों को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जा रहा था नवाब,गिरफ्तार

पुरोला। चमोली जनपद के गौचर से नाबालिग को बहला-फुसलाकर दो विशेष समुदाय के युवकों द्वारा होटल पर ले जाया जा रहा था। लेकिन स्थानीय लोगों का हंगामा होता देख दोनों युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर नाबालिक के पिता ने दोनों युवकों के खिलाफ कोतवाली कर्णप्रयाग में तहरीर दी थी। मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस ने दोनों विशेष समुदाय के युवकों को कर्णप्रयाग के रानों गांव से गिरफ्तार कर लिया है।बताया जा रहा है की गिरफ्तार हुए एक युवक का आठ माह पहले ही प्रेम विवाह हुआ था। बावजूद इसके वो नाबालिग से फोन पर बातचीत करता था। मामले को लेकर पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। बाता दें कि नेपाल मूल की दो युवतियों को भागकर ले जाने के प्रयास में पुलिस ने त्यूणी से एक विशेष समुदाय के युवक को हिरासत में लिया है। युवक हिमाचल का रहने वाला बताया जा रहा है।गुरुवार सुबह नवाब उर्फ गुड्डू दो सगी बहनों को के साथ त्यूणी बस अड्डे पर आया था। जहां से युवक गाडी किराए पर लेकर दो नेपाली मूल की युवतियों को भगाने की फिराक में था। इस दौरान रूद्र सेना के कार्यकताओं ने युवक को घेर लिया। मौके पर कार्यकर्ता ने पुलिस को बुलाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। मामला आराकोट पुलिस चौकी थाना मोरी उत्तरकाशी को ट्रांसफर कर दिया गया है। रूद्र सेना के कार्यकर्ता विशेष समुदाय के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं।

## सिलाई सीखने के लिए निकली विवाहिता लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र में इधर कुछ समय से महिलाओं व किशोरियों के गायब होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। हालिया घटनाक्रम में सिलाई सीखने के लिए निकली एक और विवाहिता बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू किया है। जानकारी के मुताबिक सैनिक कॉलोनी चांदपुर निवासी 22 वर्षीय कमलजीत कौर पत्नी मनीष कश्यप बीते 8 जून को रोजाना की तरह घर से सिलाई सीखने के लिए प्रतापपुर के लिए निकली लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी वापस घर नहीं लौटी। फोन पर संपर्क करने पर उसका फोन बंद मिला। इस दौरान परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन विवाहिता का कहीं कोई पता नहीं चला।

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 55 अधिकारियों की तैनाती

चंपावत। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में कुल 55 अधिकारियों की तैनाती की गई है। जिनको गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी विभिन्न समस्याओं के साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को सुनने के साथ ही उनके निस्तारण की कार्रवाई कराई जानी है। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर अधिकारियों द्वारा किए जा रहे ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण की जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार जनता के द्वार, शासन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। प्रत्येक अधिकारी दिए गए रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर गांव का भ्रमण कर उनकी समस्याओं से अवगत हों तथा यह सुनिश्चित करें कि महज यह एक भ्रमण न रहकर अवश्य ही प्राप्त शिकायतों तथा समस्याओं का एक निश्चित समय अंतर्गत उनका समाधान एवं निस्तारण भी हो, यह सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार जनता के द्वार के अंतर्गत प्राप्त शिकायतें एवं समस्याओं को समय पर निस्तारित करने हेतु अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लें। जो समस्याएं प्राप्त होती है व जिस विभाग से संबंधित हो संबंधित विभाग के अधिकारी को तत्काल दूरभाष के माध्यम से भी अवगत कराते हुए लगातार समस्या के निस्तारण के संबंध में प्रगति लेते हुए उनका निस्तारण करें। आपसी समन्वय से कार्य करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वह विशेष रूप से गांव में यह देख ले या जानकारी ले लें कि उन्हें सरकार की योजनाओं व सुविधाओं का समय पर लाभ मिल रहा है या नहीं ताकि अनुमन्य सुविधा संबंधित लाभार्थी को दी जा सके। उन्होंने कहा कि किसी समस्या का समाधान अगर तात्कालिक रूप से



उनके माध्यम से हो सकता है तो वह उनके संज्ञान में भी उसे लाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत किए गए भ्रमण की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में प्रत्येक माह की 25 तारीख तक अवश्य उपलब्ध कराए। अधिकारी इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही ना करें।

# सच्चे हृदय से की गई प्रार्थना परमात्मा अवश्य सुनते हैं: श्री हरि चौतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)।श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी, हमारे परिवार, देश, समाज की जो दुर्दशा हो रही है। विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे हैं प्रयास करने के साथ साथ प्रभु से उनकी कृपा याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थनाएँ अवश्य करनी चाहिए। परमात्मा हमारी वस्तुओं, पदार्थो, मान सम्मान इत्यादि का नहीं वह तो हमारी प्रेम व भावनाओं का भूखा है। हमें परमात्मा के प्रति विश्वास ही नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास होना चाहिए। ईश्वर के प्रति मन में यदि संशय आ जाता है,तो उसके प्रति होने वाली भक्ति स्वत: ही नष्ट हो जाती है । तथा ईश्वर के प्रति प्रेम भी नष्ट हो जाता है ऐसा तब होता है जब निज हित में चिंतन किया जाता है। अपने दिव्य प्रवचनों में उन्होंने कहा कि हम स्वंय इतनी चिंता नहीं कर सकते जितना की प्रभु का चिंतन दृढ़ विश्वास पूर्वक करने पर स्वयं परमात्मा हमारी चिंता करेंगे।संसार में सभी लोग अधिकांशत: किसी न किसी स्वार्थवश ही संबंध



रखते हैं यदि उनके हित में बाधा पहुँचेगी व हमारे अंदर उन्हें देने के लिए कुछ भी शेष ना रहेगा (रूप, बल, वाणी, प्रतिष्ठा, धन इत्यादी के माध्यम से) तो प्यार समाप्त हो जाएगा । बिना किसी स्वार्थ के संबंध बनाए रखने वाले अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग मिलेंगे। जीव मात्र से बिना किसी स्वार्थ के हित चाहने व प्रेम करने वाले तो एक मात्र संत,गुरु व परमात्मा ही है।महाराज श्री ने कहा कि मात्र मानव शरीर पाकर ही हम सच्चे अर्थों में मानव या इंसान कहलाने का अधिकारी नहीं बन जाते हैं ,स्वयं को सुसंस्कारित करके समाज के लिए उपयोगी बनाएँ । सदाचार पूर्ण जीवन बिताएँ राष्ट्रीयता, नैतिकता व चरित्र को भी जीवन में महत्व दें। सभी भक्तजन हरिबोल की धुन में झूम झूम कर नाचने लगे। श्रीगुरु महाराज, कांमा के कन्हैया व लाठी वाले भैया की जय जयकार से सारा वातावरण गूँज उठा। विराट धर्म सम्मेलन में देश भर के विभिन्न प्रांतों से लगातार हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं।

# ट्रांजिट कैंप में चला बाल श्रम जागरूकता व चिन्हीकरण अभियान दुकानदारों में मचा हड़कंप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, ह्यूमन ट्रैफिकिंग तथा चाइल्ड लाइन की टास्क फोर्स टीम द्वारा एक्शन मंथ जून माह के क्रम में बाल श्रम जागरूकता व चिन्हीकरण को लेकर अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल





पुरोहित की अगुवाई में चले अभियान में दुकानदारों को बाल श्रम को लेकर जागरुक किया गया। श्री पुरोहित ने अपील की कि दुकानदार अपनी दुकानों पर बच्चों से कार्य न करायें। बाल श्रम अपराध है, जिसके तहत जुर्माना, सजा व दोनों का प्राविधान है। उन्होने कहा कि बच्चे को कार्य पर लगाने से वे भटक जाते हैं और शिक्षा के प्रति उनका लगाव कम होने लगता है। अभियान के दौरान दुकान पर काम करने वाले दो बाल श्रमिकों को चिन्हित किया गया। एंटी ह्यूमन टैफिकिंग प्रभारी बसंती आर्य ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए हितकर नहीं है। बच्चों से कार्य कराने पर उनके भविष्य पर कुप्रभाव पड़ता है। चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो ने लोगो को बताया कि बाल श्रम कानूनी रूप से जुर्म है। किसी भी प्रतिष्ठान या दुकान पर बच्चों के द्वारा कार्य करने की सूचना आप चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दे सकते है। साथ ही चाइल्ड लाइन 1098, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति के बारे में विस्तृत रूप में सभी को जागरुक किया। टास्क फोर्स टीम ने बालश्रम कानून व सजा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल पुरोहित, एंटी ह्यूमन टैफिकिंग से प्रभारी बसंती आर्य, कांस्टेबल ममता मेहरा, रमेश चन्द्र, भूपेंद्र यादव, चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो, टीम मेंबर नंदनी वर्मा, अंशुल कपूर व दीपक दुमका आदि उपस्थित रहे।

# अब उत्तराखंड से लगी सीमा पर चीन ने किया अतिक्रमण : खड़गे

देहरादून(उद ब्यूरो)। एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सनसनीखेज खुलासा किया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि चीन अब उत्तराखंड से लगे इलाकों में निर्माण कर रहा है। दरअसल शुक्रवार को मल्लिकार्जुन खरगे ने एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने कुछ सेटेलाइट इमेजेज साझा की हैं। खरगे ने आरोप लगाया है कि, 'प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चीन को क्लीन चिट दिए जाने के कारण देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।' मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, अब उत्तराखंड में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के निर्माण कार्य करने से हमारी भूभागीय अखंडता पर अतिक्रमण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चीन को क्लीनचिट दिए जाने की देश भारी कीमत चुका रहा है। चीन का मुकाबला मिलकर रणनीतिक रूप से करना चाहिए, न कि शेखी बघार कर। उल्लेखनीय है कि भारत ने पूर्वी लद्दाख में सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं होने तक चीन के साथ संबंधों के सामान्य होने की बात को निराधार करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा था कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन और शांति होने पर ही बीजिंग के साथ संबंधों में प्रगति हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों देशों के बीच संबंधों में सैनिकों की 'अग्रिम मोर्चे' पर तैनाती को मुख्य समस्या करार दिया। केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर जयशंकर ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा था, "भारत भी चीन के साथ संबंधों को बेहतर बनाना चाहता है लेकिन यह केवल तभी संभव है जब सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन और शांति हो।"



# शोध एवं तकनीक तभी उपयोगी जब उसका लाभ लोगों को मिले: राज्यपाल

नैनीताल (उद संवाददाता)। राज्यपाल/कुलाधिपति कुमाऊं विश्वविद्यालय, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को डीएसबी परिसर में कुमाऊं विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्षों एवं निदेशकों की बैठक ली। पहली बार हुई इस तरह की बैठक में राज्यपाल ने प्रत्येक संकायाध्यक्षों एवं निदेशकों से अलग-अलग वार्ता कर उनके विभाग की उपलब्धियों, समाज में दिये गये योगदान और उनके मिशन और विजन के साथ-साथ इनकी चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। कुलाधिपति ने प्रत्येक से संबंधित विभागों की उपलब्धियों, विभागों के प्रकाशित शोध पत्र, अवार्ड, एम.ओ.यू व प्रकाशन सहित भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय शोध एवं शिक्षण के क्षेत्र में प्रसिद्ध रहा है। यहां पढ़े छात्र-छात्राओं ने देश एवं विदेश में उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं शोध की गुणवत्ता विश्वविद्यालयों का मूल सिद्धान्त होना चाहिए। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले यह हमारा उद्देश्य होना चाहिए। राज्यपाल ने निर्देशित किया कि फेकेल्टी अधिक से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशित करें। उन्होंने कहा कि शोध एवं तकनीक सही मायनों में तभी उपयोगी है जब उसका लाभ लागों को मिले। उन्होंने कहा कि सभी संकायाध्यक्ष अपने आर्थिक संसाधनों के स्त्रोत स्वंय खोजें और उन्हें विश्वविद्यालय पर निर्भर न रहना पड़े। केंद्रीय संस्थानों और सीएसआर की मदद से आर्थिक संसाधनों की पूर्ति के भी प्रयास किए जाएं।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय से अनेक छात्रों ने उपलब्धियां हासिल की हैं और वे उच्च पदों पर हैं। पूर्व छात्रों के लिए एलुमनी मीट को आयोजन किया जाय और उन्हें विश्वविद्यालय हेतु आर्थिक संसाधनो की पूर्ति के लिए प्रेरित किया जाय। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रत्येक समस्याओं और चुनौतियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक प्रकाशनों पर जोर देने की बात कही। उन्होंने प्रत्येक संकायाध्यक्षों व निदेशकों से विश्वविद्यालय की बेहतरी के संबंध में अपने सुझाव भी प्रेषित करने को कहा। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन चौहान भी उपस्थित रहे।



# ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था ठीक नही तो व्यापार मंडल करेगा आंदोलन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल का विश्व बैंक की मदद से जिला अस्पताल भवन हाइटेक बनाया जा रहा है। जिला अस्पताल में पर्याप्त ऑपरेशन व्यवस्था साधन हेतु कराए जा रहे निर्माण कार्य से व्यापार मंडल नाराज है। व्यापार मंडल ने दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के ऑपरेशन के लिए पर्याप्त व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा हाइटेक भवन निर्माण के दौरान अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर को सुव्यवस्थित बनाने की मांग की है। वही ऑपरेशन व्यवस्था के अभाव में किसी भी मरीज को रेफर किया गया तो ऐसे में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। नाराजगी जताते हुए प्रभारी जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की।उन्होंने तीन दिन में मरीजों के ऑपरेशन के लिए सुविधाजनक ऑपरेशन थिएटर नही बनाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है, वही प्रभारी जिलाधिकारी सीएस इमलाल ने व्यापारियों को मरीजों के उचित इलाज के लिए उचित व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया।ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल उपाध्यक्ष हिमांशु जोशी,सचिव पुष्कर किरमोलिया,महिला उपाध्यक्ष इंदु चौधरी,सहसचिव राहुल साह, कोषाध्यक्ष जगदीश कार्की आदि मौजूद थे।



# महिलाओं ने धधकते जंगल मे लगी आग को बुझाया

बागेश्वर(उद संवाददाता)।मौसम की आंख मिचौली के बीच बारिश नही होने से जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने लगी है। अधिकांश जंगल आग के हवाले हो चुके है। वही धरमघर क्षेत्र में भी जंगलों में आग लगने से वहाँ धुंए के गुब्बार उठने लगे है, वही वन विभाग जंगलों में लगी आग को बुझाने में लाचार नजर आ रहा है, वही समय समय पर बारिश होने से थोड़ी वनाग्नि की घटनाओं पर रोक लगी पर अचानक बारिश नही होने के बाद फिर जंगल दहकने लगे है, जंगलों में लगी आग से पर्यावरण प्रदूषित हो गया है। वही वातावरण फैली विषैली गैस से दमा स्वांस के रोगियों के लिए जीना मुहाल हो गया है,वही जहां लोग जाने अनजाने जंगलों में आग लगा रहे है वही धरमघर क्षेत्र के सिमगडी की महिलाओं ने जलते हुए जंगल को आग से बुझाने की कोशिश की, और महिलाओं ने धधकते जंगल मे लगी आग को बुझाया। गांव की खिमुली देवी जानकी देवी बिमला देवी कविता देवी निर्मला देवी मंजू देवी कविता देवी हेमा देवी पदम सिंह शंकर दत आदि ने मिलकर जंगल मे लगी आग को बुझाया, जिससे वन संपदा और पर्यावरण को हो रहे नुकसान से बचाया गया, महिलाओं ने इसके लिए वन कर्मियों की अनदेखी और समाज में वनाग्नि से हो रहे नुकसान के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी बताया।



# दस ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

गदरपुर(उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 10 ग्राम स्मैक भी बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज करने के उपरांत उसे न्यायिक हिरासत में कोट के समक्ष पेश किया गया।शुक्रवार को थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने एसएसपी डॉ मंजू नाथ टी सी के दिशा निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सूरजपुर तिराहे के पास से एक अभियुक्त गोविंद हालदार पुत्र पवन हालदार निवासी ग्राम चकरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक की सफेद पन्नी के अंदर 9.98 ग्राम पन्नी में स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पांडे, एसआई ओमप्रकाश, कानि0 गोरख नाथ, कानि0 कैलाश मनराल आदि मौजूद रहे।



# लाखों की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा की एएनटीएफ व एसओजी ने संयुक्त रूप से नशे के खिलाफ अभियान चलाकर दो स्मैक तस्करों को लाखों रुपए कीमत की स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी तथा एसओजी प्रभारी राजवीर नेगी के नेतृत्व में टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम उत्तराखंड ग्रामीण बैंक लाईन नम्बर 17 के पास पहुंची जहां दो व्यक्ति पैदल आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर जब उन्होंने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर टीम ने पीछा कर कुछ दूरी पर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मौ. जुनैद पुत्र मौ. फाजिल निवासी असालतपुरा बड़ी मस्जिद थाना गल शहीद जिला मुरादाबाद तथा मौ. बिलाल पुत्र अब्दुल कासिम निवासी असालतपुरा थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 155.50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ करने के बाद दोनों तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त गणों द्वारा बताया गया कि वह इतनी भारी मात्रा में स्मैक को मीरगंज बरेली से दो व्यक्तियों से अपने हिस्से की अलग-अलग मात्रा में कम दामों में खरीद कर बनभूलपुरा की किसी महिला को देने आए थे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उनि राजवीर सिंह नेगी प्रभारी एसओजी, उनि शंकर नयाल, हेड कानि. त्रिलोक सिंह, कुन्दन कठायत, कानि. भूपेन्द्र जेष्ठा, मौ. यासीन, दिलशाद अहमद, अशोक रावत व दिनेश नगरकोटी शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपए नगद पुररूकार देने की घोषणा की।



# पुष्प वर्षा के साथ किया पथ संचलन का स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं द्वारा शुकवार शाम शहर में निकाले गये का मेयर रामपाल सिंह के नेतृत्व में पुष्प वर्षा का साथ स्वागत किया गया। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राष्ट्र को समर्पित ऐसी संस्था है जो पिछले कई दशकों से राष्ट्र को मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देशभर में ही नहीं दुनिया भर के लोगों में आज संघ से जुडने और संघ के साथ काम करने की जिज्ञासा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन गया है। संघ भारत के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित कर उनमें सामाजिक समरसता के भाव को जगाने में सफल रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद बलराज पासी गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय मेयर रामपाल सिंह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता दिवाकर पांडेय, हिमांशु शुक्ला,चंद्रसेन कोली, पार्षद विधान राय, निमित शर्मा, प्रमोद शर्मा,सुशील चौहान, सुशील यादव, जितेंद्र यादव, सुनील कुमार, विनय विश्वास बबलू सागर,बंटी राजोरिया, रंजीत सागर, राजेश जग्गा, डॉ राकेश सिंह, राधेश शर्मा, शिवकुमार शिबू गोपी सागर सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# स्वयं सेवियों ने किया पथ संचलन

## विभिन्न मार्गों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जाफरपुर रोड स्थित द्रोण कॉलेज में चल रहे संघ शिक्षा वर्ग द्वित्तीय वर्ष पशिचमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र जिसमे उत्तराखंड सहित पश्चमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से शिक्षार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उसी के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रुद्रपुर क्षेत्र में पथ संचलन किया गया। जो जनता स्कूल से प्रारम्भ होते हुए काशीपुर बाईपास रोड ,बालाजी द्वार, इंद्रा कॉलोनी ,आदर्श कॉलोनी ,गल्ला मंडी होते हुए मुख्य बाजार भगत सिंह चौक पहुंचा जहां क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो व्यक्तित्व निर्माण की शाखा कही जाती है जहां देश प्रेम राष्ट्र भक्ति और अपने देश के प्रति सेवा समर्पण भाव के जहां संस्कार दिए जाते हैं ऐसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज नगरीय पथ संचलन का आयोजन हुआ जिसका पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। विधायक शिव अरोरा संघ के आदर्श पर चलकर ही वह स्वयं समाज हित राष्ट्र हित की सोच से एक विधायक के रूप में अपनी सेवा दे रहै है और वह स्वयं एक संघ के आदर्श स्वयंसेवक रहे हैं । आज नगर में पथ संचलन का आयोजन हुआ जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। इस दौरान पथ संचलन मुख्य बाजार होते हुए डीडी चौक सिविल लाइन होते हुए जनता स्कूल में समापन हुआ। इस दौरान काशीपुर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जिला महामंत्री अमित नारंग, उत्तम दत्ता, वेद ठुकराल, सुरेश कोली, सुशील गावा,धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, उपेंद्र चौधरी, राजू साह, धरिेंद्र मिश्रा, रश्मि रस्तोगी, शालनी बोरा, राजीव चौधरी, विकास सागर, मयंक कक्कड़, किरण विर्क, योगेश वर्मा, शम्मी गुप्ता, मीना शर्मा, मोहित कक्कड़, नमन चावला, बिट्टू शर्मा, विनय बत्रा, भीमसेन गुप्ता, प्रियंका विश्वास, पुष्पा ग्रोवर, संजय हलदार, मुकेश रस्तोगी, मदन दिवाकर, विक्की वाल्मीकि, राधेश शर्मा ,सुनील ठुकराल, बाबू चड्डा , मनोज मदान, सुशील गाबा, राजेश गर्ग, सुनील सागर, ललित बिष्ट, विजय वाजपेयी, जयदीप सिंह,आदेश भरद्वाज, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उधर भारत विकास परिषद, रुद्रपुर शाखा के सदस्यों ने नगर में गल्ला मंडी रोड एवं सिविल लाइंस पर पथ संचलन करते हुए स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भारत विकास परिषद शाखा के नरेंद्र अरोड़ा, हरनाम सिंह चौधरी, भारत विकास परिषद शाखा अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना, कीर्ति निधि शर्मा, मनीष अग्रवाल, अशोक सिंघल, संजय ठुकराल, कैलाश अग्रवाल, राजकुमार बिंदल, एडवोकेट दिवाकर पांडे, महेंद्र गोयल, सुरेंद्र मिड्ढा, संजीव अरोरा, संजय कुमार, भारत भूषण चुघ, रोहित सलूजा, बॉबी अरोरा, राजेंद्र सहाय, शक्ति बठला, बिलासपुर नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, अनिल मदान आदि सदस्य उपस्थित रहे।









## भजन गायिका पूर्णिमा का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री धाम वृंदावन की विख्यात भजन गायिका पूर्णिमा जी का रूद्रपुर पहुंचने पर बाबा भक्त मण्डल की ओर से बाबा भक्तों ने भव्य स्वागत किया। भजन गायिका पूर्णिमा जी दिनेशपुर में श्री श्याम संकीर्तन में अपनी प्रस्तुति देने आयी थी। इस बीच वह कुछ देर रूद्रपुर भी रूकी। यहां एक होटल में बाबा भक्तों ने उनका स्वागत किया । इस दौरान सभी का आभार व्यक्त करते हुए भजन गायिका ने कहा कि देवभूमि में वह पहले भी आ चुकी है। यहां के लोगों में अपार भक्ति भाव देखकर मन में खुशी होती है। स्वागत करने वालों में बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा, सरपरस्त संजय ठुकराल व राजू गुप्ता शामिल थे।



## लिपिकीय प्रशिक्षण 1 जुलाई से

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रभारी सेवायोजन अधिकारी शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र दिनेशपुर आरके पंत ने बताया कि कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग उत्तराखण्ड द्वारा शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र दिनेशपुर मे अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण 18 से 30 आयु वर्ग के अभ्यर्थियों को समूह 'ग' प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराये जाने हेतु नि:शुल्क छः माह हिन्दी टंकण लिपिकीय व्यवसाय की कोचिंग कक्षाऐं 1 जुलाई से 31 दिसम्बर तक प्रारम्भ की जा रही है। उन्होने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून, 2023 है। उन्होने कहा है कि इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश प्राप्त करने तथा अधिक जानकारी के लिये शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र दिनेशपुर आईटीआई परिसर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।


गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# आमजन को पहुंचाये केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : सीएम

## मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों एवं एस.एस.पी ने वर्चुअली बैठक में दिये दिशा निर्देश जिलाधिकारी ग्रामसभा चौपालों में जाएं,नियमित बहुद्देशीय शिविर लगायें जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की पहली समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी जिलाधिकारियों एवं एस.एस.पी ने वर्चुअली माध्यम से प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले इसके लिए सभी नियमित बहुद्देशीय शिविर लगायें जाए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए टोल फ्री नम्बर 1064 का बोर्ड सभी कार्यालयों में लगे, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने सभी एस.एस.पी को निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर विवेचना से संबंधित जो मामले एक साल से अधिक समय से लम्बित हैं, अभियान चलाकर तीन माह के अन्दर उनकों निस्तारित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विवेचना सबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण हो। मुख्यमंत्री श्री धामी ने निर्देश दिए कि ग्राम चौपालों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा माह में कितनी बार भ्रमण किया जा रहा है। इसका भी



कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग पूरा अपडेट रखे। जिलाधिकारी नियमित ग्रामसभा चौपालों में जाएं और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को भी वहां भेजें। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जन प्रतिनिधियों एवं आम जन के फोन रिसीव न करने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। यदि किसी कारणवश अधिकारी फोन रिसीव न कर पा रहे हैं, तो बाद में अवश्य कॉल बैक करें। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात का समय शुरू होने वाला है। ऐसे में जिन क्षेत्रों में जल भराव होता है या मलवा आने की संभावनाएं होती हैं, इनके समाधान के लिए अभी से पूरी कार्ययोजना बना लें। वर्षाकाल के दृष्टिगत सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं पर जनपदों में प्रगति की नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट भेजी जाए। जनपदों में जिन दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य किये जा रहे हैं, उनमें तेजी लाई जाए। तात्कालिक रूप वाले कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाई जाए और डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। बैठक में सचिव श्री विनय शंकर पाण्डेय, सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग श्री दीपक कुमार गैरोला, वर्चुअल माध्यम से कमिश्नर कुमांऊ श्री दीपक रावत, सभी जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गोडसे को राष्ट्र भक्त बताने पर भाजपा का फूंका पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को राष्ट्रभक्त बताए जाने के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में प्रदर्शन के साथ पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं भाजपा का पुतला दहन किया गया। विधायक सुमित हृदयेश, जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल एवं महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान को भाजपा का विचार बताया और कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को राष्ट्रभक्त बताकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी की विचारधारा को स्पष्ट कर दिया है। उनके इस बयान से आज भारत माता की आत्मा बहुत दुःखी होंगी। उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति को राष्ट्रभक्त कहा है जिसे देश की सर्वोच्च अदालत ने सजा दी थी। उनके इस



बयान ने देश की सर्वोच्च अदालत के साथ-साथ देश का भी अपमान किया है। जिनके लिए उन्हें संपूर्ण देश से अविलंब माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, प्रदेश महामंत्री महेश शर्मा, सचिव सोहेल सिददकी, भीमताल नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चुनौतियां, एनबी गुणवंत प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस हेमंत साहू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हर्षित भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष मोकिंन सैफी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल भोजक, कमला तिवाड़ी, पार्षद राधा आर्य, मुकुल बलुटिया, राजेंद्र जीना, तौफीक अहमद, राजेंद्र बिष्ट, गुरप्रीत प्रिंस, संजय बिष्ट, शैलेन्द्र दानु, गोविंद बगडवाल, राजू सुयाल, कौशलेंद्र भट्ट, नितिन भट्ट, मनोज बिष्ट, गिरीश पांडे, प्रदीप कुमार, नदीम अहमद, विनय भट्ट, शुभम, अक्षत, रक्षित जोशी आदि उपस्थित थे।

# ई चौपाल में सुनी ग्राम जवाहर नगर की समस्याएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने शुक्रवार को ई- सामाधान चौपाल के माध्यम से किच्छा के ग्राम जवाहर नगर की समस्याएं सुनी। ई-समाधान चौपाल मे कुल 24 समस्याएं दर्ज हुई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। सर्वाधिक समस्याएं, विद्युत, सड़क, पानी निकासी, राशन कार्ड से सम्बन्धित थीं।प्रमुख समस्याओं में लता पटवाल ने ग्राम सभा खमियां नं0-01 में सोलर लाईट लगाने की मांग की, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि मौके का निरीक्षण कर उरेडा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये आवश्यक कार्यवाहरी करें। लालमन शर्मा ने निरस्त राशन कार्ड को दुबारा बनाने की मांग रखी जिसपर एडीएम ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जांच कर पात्रता के आधार पर राशन कार्ड बनाये। लता पटवाल ने शिव मंदिर तक 150 मीटर सीसी मार्ग निर्माण, खमिया नं0-1 में नलकूप लगाने, शान्तिपुरी गेट तक 1.5 किमी नाली निर्माण से सम्बन्धित माग रखी जिसपर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड




विकास अधिकारी को, जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौके का निरीक्षण कर सामाधान करना सुनिश्चित करें। दीपा आर्या ने नहर के दोनो ओर सीसी मार्ग निर्माण करने, गांव की मख्य सड़क में स्पीड ब्रेकर बनाने, पानी निकासी करने समस्या रखी जिसपर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, सिचांई विभाग व लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निरीक्षण कर सामाधान निकाले जिससे की ग्रामवासियों को होनी वाली समस्या से निजात मिल सकें। दीपा काण्डपाल ने कैनाल कालोनी में लोनिवि द्वारा निर्मित सड़क को मरम्मत करने की मांग रखी जिस पर अपर जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को गड्ढामुक्त सड़क बनाने के निर्देश दिये। दीपा काण्डपाल ने ग्रामसभा में नये विद्युत पोल लगाने की मांग रखी जिसपर एडीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रेम सिंह ने कृष्ण विहार कालौनी में बरसात में जलभराव की समस्या रखी जिसपर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि मौके का निरीक्षण कर पानी निकासी की व्यवस्था करें। दीपा काण्डपाल ने ग्रामसभा में कूड़ा निस्तारण की मांग रखी जिस पर अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रामसभा में सरकारी चिन्हित कर कूड़ा निस्तारण हेतु ग्राम पंचायत को भूमि उपलब्ध कराये। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी एके सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, सुशील कुमार आदि शामिल थे।

# नशे के इंजेक्शनों के साथ पकड़े गये आरोपी को दस वर्ष का कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नशीले इंजेक्शनों के साथ पकडे गए युवक को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)सुशील तोमर द्वारा आरोपी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1 लाख रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है।सहायक अभियोजन अधिकारी दीपक अरोरा ने बताया कि ट्रांजिट कैम्प में तैनात तत्कालीन एसआई दिनेश सिंह परिहार 31-10-2019 को टीम के साथ अटरिया रोड से आनन्द पुर को गश्त पर जा रहे थे तो उन्होने रिदधि सिदधि फैक्टरी तिराहे से आगे पुलिस पर एक कार खडी देखी जिसके पास खडे युवक ने एक थैला कार की डिक्की में रखा और पुलिस को देख जल्दी से कार में बैठकर जाने लगा तो उनको शक हुआ उन्होने उसे पकड लिया और जब कार की डिक्की की तलाशी ली जो उसमें रखे एक थैले में से नशे के विभिन्न प्रकार के 208 इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने पकडे गए बी-ब्लॉक निकट दुर्गा मैदान टांजिट कैम्प निवासी राहुल चोपडा उर्फ रंगीला पुत्र विजय चोपडा का चालान कर जेल भेज दिया।उसके विरूद्व विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) सुशील तोमर की कोर्ट में धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी दीपक अरोरा द्वारा 5 गवाह पेशकर आरोप सिद्व कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय द्वारा राहुल चोपडा को 10 वर्ष के कठोर कारावास एंव 1 लाख रूपए जुर्माने की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

# सिटी मजिस्ट्रेट व आबकारी इंस्पेक्टर ने मारे छापे, कैंटीन में शराब बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर के तमाम होटलों, ढाबों व ठेलियों पर अवैध रूप से शराब बिक्री की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डी एम वंदना सिंह के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट तथा आबकारी इंस्पेक्टर ध



ीरज सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से टीम के साथ ट्रानापिर्ट नगर मंडी व बरसाती नहर रोड पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। बीते दिन डीएम के जनता दरबार में कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि शराब की दुकानों के आस पास बड़ी मात्रा में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। जबकि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। जिस पर डीएम ने आबकारी इंस्पेक्टर को जाँच के निर्देश दिए थे। जिसके बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध प्रशासन की एक टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए नवीन मंडी में केंटीन नंबर तीन में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। केंटीन संचालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं आबकारी इंस्पेक्टर ने इस दौरान कुल 112 गुलाब क्वार्टर, 9 गुलाब हाफ व 18 8 पी एम क्वार्टर शराब की बोतले बरामद की। टीम ने मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर की एक दुकान में छापा मारा लेकिन दुकान से टीम को कुछ नहीं मिला। इसी दौरान टीम की नजर वहां पर स्थित एक पार्क पर पड़ी जहां पर एक युवक प्लास्टिक के थैले के साथ दिखाई दिया। टीम ने शक होने पर घेराबंदी करते हुए सोनू जोशी पुत्र बसंत बल्लभ जोशी चन्द्रावती कालोनी पीलीकोठी निवासी को दस पव्वों के साथ दबोच लिया। आरोपी शराब तस्कर के खिलाफ टीम ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। छापामारी के समय लोगों ने बताया कि दुकानों के बाहर शराब पीने वालों की भीड़ लगती है व रेस्ट्रो में शराब पिलाई जाती है। ऐसा करने वाले मुख्य मार्ग के किनारे ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं, इससे यातायात भी प्रभावित होता है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस अवैध कारोबार में लिप्त सभी लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। बरसाती नहर वर्कशॉप लाइन से ठेले पर अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद की गईं। गौर तलब है कि सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा पूर्व में भी कई बार अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी कर विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बेतालघाट में लगाया जनता दरबार

नैनीताल (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को बेतालघाट क्षेत्र में जनता दरबार लगाया। जिसमें जिला प्रशासन, सड़क, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, कृषि, उद्यान सहित दर्जनों विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने और साथ ही विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं को तय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट शुक्रवार को बेतालघाट पहुंचे जहां उन्होंने विशाल जनता दरबार लगाया जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जन समस्याएं सुनने के साथी केंद्रीय मंत्री श्री अजय भट्ट ने बेतालघाट क्षेत्र में संचालित केंद्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति की जानकारी भी ली। बताया कि बेतालघाट क्षेत्र में जल निगम की 19.97 करोड़ की 16 योजनाएं संचालित है। जिनमें 9 योजनाओं में कार्य चल रहा है शेष 7 में से 3 योजनाओं में टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। चार में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इसके अलावा बेतालघाट क्षेत्र के लिए जल जीवन मिशन में 50 योजनाएं 86.01 करोड़ की चल रही है, जिसमें से 27 योजनाओं में कार्य प्रारंभ हो गया है। शेष में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गए हैं जल्दी ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। अधिकतर योजनाओं में कार्य के निर्देश जारी हो गए हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री



ने शिप्रा नदी में होने वाले कार्यों को सिंचाई विभाग को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान विभाग को भी 500 पॉलीहाउस लगाकर क्षेत्र में स्वरोजगार बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पशुपालन विभाग सहित रोजगार परक विभागों को निर्देशित किया कि बृहद शिविर लगाकर बेतालघाट क्षेत्र में लोगों को सरकार की स्वरोजगार परख योजनाओं की जानकारी दें जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित होकर रोजगार कर सकें। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने स्वास्थ्य सचिव डॉ राजेश कुमार और सिंचाई सचिव हरीश सेमवाल को बेतालघाट क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाए जाने और सिंचाई विभाग के कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज गरीब को आवास से लेकर खाद्यान्न तक अंतिम वर्ग के व्यक्ति के लिए सभी योजनाएं चलाई गई हैं राज्य सरकार भी अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए हर योजना को लागू कर रही है।इस अवसर पर नैनीताल विधायक श्रीमती सरिता आर्या ब्लॉक प्रमूख आनंदी बधानी सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत मंडल अध्यक्ष नंदी खुल्बे रमेश सुयाल प्रताप बोरा गोपाल जेडा दिलीप बोरा विजय कुमार मनोज पडलियाआदि सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### बर्बरता की सीमाएं

आखिर एक सामान्य दिखने वाला इंसान कैसे ऐसा हो जाता है कि अपनी ही साथी को मार डालने के बाद खुद बचने के लिए क्रूरता की सारी सीमाएं पार कर जाता है।मुंबई से सटे भायंदर इलाके में एक महिला की हत्या और उसकी जैसी प्रकृति सामने आई है, उसने एक बार फिर सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि कोई व्यक्ति कैसे इस हद तक जा सकता है कि अपनी ही साथी के खिलाफ इतना बर्बर हो जाए। कई बार ऐसी घटनाओं पर हैरानी होती है कि कोई व्यक्ति अपने स्वार्थ में किस हद तक क्रूर हो जा सकता है। जिस महिला की हत्या की खबर आई, वह एक पुरुष के साथ सहजीवन में रह रही थी।जाहिर है, एक महिला किसी पुरुष के साथ संबंधों के इस स्वरूप में साथ रहने का फैसला तभी करती है जब उसे उस पर पूरा भरोसा हो। लेकिन इस मामले में भी यही हुआ कि महज कुछ महीने साथ रहने के बाद पुरुष ने अपनी सहजीवन साथी की हत्या कर दी। मामला केवल हत्या का नहीं है, बल्कि इसकी प्रकृति की भी है। खबरों के मुताबिक आरोपी ने महिला की लाश के घर में ही कई टुकड़े करके, कुकर में उबाल कर उसे कुत्तों को खिला दिया था। जब पुलिस पहुंची तो शव के कुछ ही हिस्से बचे थे। हत्या आखिर एक जघन्य अपराध ही है, लेकिन मुंबई की जो घटना सामने आई है, ऐसे मामलों पर कई बार एकबारगी विश्वास करने में वक्त लग जाता है। आखिर एक सामान्य दिखने वाला इंसान कैसे ऐसा हो जाता है कि अपनी ही साथी को मार डालने के बाद खुद बचने के लिए क्रूरता की सारी सीमाएं पार कर जाता है। हालांकि सब कुछ लगभग साफ होने के बावजूद आरोपी ने अपने बचाव में पुलिस के सामने दलील पेश की, लेकिन उन पर फिलहाल विश्वास करना मुश्किल है। पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं अक्सर देखी जा रही हैं, जिनमें सहजीवन में रहने वाले किसी पुरुष ने अपनी महिला साथी की न केवल जान ले ली, बल्कि खुद को बचाने के मकसद से उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए संवेदनहीनता की सारी सीमाएं पार कर दीं। कुछ समय पहले दिल्ली में भी एक ऐसा ही वाकया सुर्खियों में आया था, जिसमें एक युवक ने अपनी सहजीवन साथी की हत्या करके उसके शव के पैंतीस टुकड़े करके उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की थी।हत्या की आम घटनाओं के बरक्स ऐसी घटनाओं की प्रकृति पर गौर करने पर यही लगता है कि ऐसे अपराध को अंजाम देने वाला व्यक्ति अपने साथ रही महिला के प्रति न सिर्फ पूरी तरह संवेदनहीन होता है, बल्कि स्वकेंद्रित और अपनी सुविधा की जिंदगी जीते हुए वह कई तरह की हिंसक कुंठाओं से घिर जाता है, जो उसे लगातार विकृत बनाती रहती है। ऐसा शख्स खुद पर भरोसा करने वाली स्त्री के खिलाफ भी बेहद बर्बर हो जा सकता है। सहजीवन अभी हमारे देश में एक आम चलन नहीं हुआ है। खासतौर पर स्त्रियां अगर किसी पुरुष के साथ इस तरह रहना तय करती है तो कई बार वह अपने अस्तित्व को लेकर सजग रहती हैं और अपनी सुरक्षा सहित हर मामले में उस पर पूरा भरोसा करती है। लेकिन यह जीवनशैली चुनने वालों में चूंकि पुरुष अपने पितृसत्तात्मक कुंठाओं से लैस मूल्यों के साथ ही जीता है, इसलिए वह अपनी सुविधा की राह में अपनी सहजीवन साथी को भी नहीं आड़े आने देता। पुरुषों की इस तरह की सामाजिक-मनोवैज्ञानिक जटिलताओं का खमियाजा स्त्रियों को ही उठाना पड़ता है। जाहिर है, अभी सरकार से लेकर समाज तक को ऐसे अपराधों से कानूनन निपटने के अलावा कई और पहलू पर विचार करने की जरूरत है। सबसे ज्यादा कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर कुछ ठोस पहल करने की जरूरत है, ताकि आपराधिक मंशा रखने वाले लोगों के भीतर कानून का डर बने।

# नेत्रदान कर अमर हुई कौशल्या देवी

## गदरपुर के समाजसेवी राजेश गाबा की माताजी की आंखों से रोशन होगी दो लोगों का जीवन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा विश्व नेत्रदान दिवस पर प्रथम नेत्रदान करवा कर नेत्रदान मुहिम की शुरुआत की। गदरपुर के युवा समाजसेवी राजेश गाबा की माताजी श्रीमती कौशल्या देवी का शनिवार प्रातः निधन हो गया था, दुख की इस घड़ी में पुत्र राजेश गाबा ने माताजी की इच्छा अनुसार नेत्रदान के लिए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार गगनेजा एवं सोचो डिफरेंट संस्था के संदीप चावला से संपर्क किया तत्पश्चात सीएल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान की प्रक्रिया की गई। भले ही श्रीमती कौशल्या देवी गाबा इस दुनिया में नहीं है लेकिन वे नेत्रदान कर हमेशा के लिए अमर हो गई अब उनकी दो आंखें किन्हीं दो लोगों के जीवन में रोशनी करेंगी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद गदरपुर के शाखा अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद कुमार गगनेजा, सोचो डिफरेंट संस्था के संदीप चावला एवं प्रतीक अरोरा, शाखा सचिव प्रमोद बजाज, शाखा कोषाध्यक्ष संजीव कुमार अनेजा, नेत्रदान प्रकल्प संयोजक विकास भुसरी एवं डॉक्टर ललित मलिक, मोक्ष धाम गदरपुर के व्यवस्थापक विजय सुखीजा, पंजाबी महासभा के नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार सुधा , नगर पालिका सभासद मनोज कुमार गुंबर मिंटू, डॉ कुलदीप रघुवंशी, मनोज रघुवंशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज सेतिया, देशराज भुड्डी , जुगल भुड्डी, गोल्डी गाबा आदि अनेक लोगों ने माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और नेत्रदान के इस कार्य को सराहा।





# महा जनसंपर्क कार्यक्रम पर हुई मन की बात




सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के नवीन मंडी स्थित सभागार में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रतन लाल गुप्ता द्वारा भाजपा के कार्यकर्ता महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यकम के संयोजक सुरेश जैन, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल रहे। मुख्या वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार एमएलसी अश्वनी त्यागी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित वंदे मातरम् से कार्यकम किया गया । शुक्रवार को नई मंडी स्थित सभागार में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन महा जनसंपर्क अभियान चलाए गया जिसमें मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश एमएलसी अश्वनी त्यागी एवम पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश भट्ट जी रहे । वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अपनी मन की बात रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के लंबे बेमिसाल कार्यकाल एवं जन कल्याणकारी योजना पर भी चर्चा की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन विधानसभा संयोजक सुरेश जैन, रतन लाल गुप्ता, विजय सलूजा, सुभाष सक्सेना, चमन लाल शर्मा, शिवचरण जिंदल,त्रिलोक अरोड़ा , सत्यनारायण चयन, सत्य नारायण भारद्वाज,सुखबीर सिंह बेदी, यादराम गुप्ता, इकबाल सिंह भुल्लर ,राम नरेश गोयल,सतपाल बंसल, लाल सिंह दायमा, अनिरुद्ध राय,विद्या अग्रवाल, जगदीश डालमिया,दीपक गुप्ता,,ललित सक्सेना, राजू नागदली, अमित रस्तोगी, संदीप गुप्ता,अरविंद चौरसिया, आनंद बल्लभ भट्ट ,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीना अरोरा मंडल महामंत्री रेखा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# क्षमा करें और पिता-परमेश्वर को पाएं

जिंदगी में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। हम सभी जीवन में किसी न किसी ऐसी घटना से गुजरते हैं, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दु:ख होता है। हममें से प्रत्येक का किस्सा आमतौर पर ऐसी घटनाओं से शुरू होता



है जो हम नहीं चाहते थे कि वो घटित हों। जैसे कि किसी एक व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो। ऐसा भी हो सकता है कि शायद किसी ने हमें ऐसे गलत शब्द कहें हों जिससे हमें भावनात्मक रूप से दु:ख हुआ हो या फिर किसी ने हमें कुछ शारीरिक कष्ट पहुँचाया हो। कई बार यह भी होता है कि शायद किसी ने हमें धोखा देकर हमारा पद, सत्ता और संपत्ति हड़प ली हो। इन सबका परिणाम क्या होता है? हम निराश, दु:खी और क्रोधित हो जाते हैं। जब किसी के द्वारा दु:ख मिलने से हम क्रोधित होते हैं तो हमें दुगनी तकलीफ सहन करनी पड़ती है। पहले तो हम दूसरों द्वारा दिये गए दर्द को सहते हैं और दूसरा, जब हमें गुस्सा आता है तो यह हमें न सिर्फ भावनात्मक तौर पर निराश करता है बल्कि हमारे शरीर पर भी हानिकारक असर डालता है, जिससे हम हमेशा तनाव की स्थिति में रहते हैं और उससे हमें तनाव संबंधी बीमारियाँ भी हो सकती हैं। आईये! देखते हैं कि जब हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब हमारे साथ क्या होता है? ऐसी स्थिति में हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से ऐसे इंसान को तकलीफ पहुँचाते हैं या अपना गुस्सा किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। हम अपने मन की शांति को खो देते हैं। शुरू में हमारे साथ ऐसा शायद कुछ क्षण, घंटे या एक दिन के लिए हमारे साथ घटित हुआ हो लेकिन इसके बारे में हमने अपने कई घंटे या अनगिनत दिन उसे दोहराने और यह सोचने में लगा दिए कि अब हम कैसे बराबरी करें? इन सब बातों को सोचने के बजाय हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं जो हमें आध्यात्मिक रूप से मददगार हों। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है, वह है ऐसा कुछ होना जो हम नहीं चाहते और जिसे हम भुला नहीं पाते। हम मात्र एक ऐसी टेप या विडियो रिकॉर्डिंग की तरह बन जाते हैं जो बार-बार वही दृश्य दिखाता है। हममें से ऐसे कितने लोग हैं जो एक बुरी फिल्म को बार-बार देखना चाहेंगे, ऐसा गाना सुनना चाहें जो हम सुनना पसंद नहीं करते या ऐसा भोजन खाना चाहेंगे जो हमें पसंद नहीं। इन सबसे बचने के लिए हम अपने लिए एक ऐसा रास्ता चुन सकते हैं जो चिंता और तनाव से रहित हो। महापुरुषों के अनुसार एक ऐसा रास्ता है जिस पर चलकर हम शांत रह सकते हैं और वह है अपने अंदर ऐसी सोच रखना कि क्षमा करो और भूल जाओ'। जब हम अंदर से अपने प्रति दुर्भावना रखने वालों या दु:ख देने वाले लोगों को क्षमा करते हैं और उनके द्वारा किए गए कार्यों को भूल जाते हैं या और यह भावना रखते हैं कि उसने मेरे साथ जो भी किया मैंने उसे माफ कर दिया और मैं वो सब भूल जाना चाहता हूँ' तो हम अपने अंदर एक असीम शांति का अनुभव करेंगे। हम अपने मन को समझा सकते हैं कि अतीत में जो कुछ भी हुआ उसे हम भूल जाना ही ठीक है। इसके लिए हमें समझदारी से निर्णय लेने की जरूरत है। यदि हम क्षमा के गुण को अपने जीवन में ढालेंगे तो हम देखेंगे कि हम अपने शरीर को क्रोध से उत्पन्न नकारात्मक हार्मोंस की हानि से बचा सकते हैं जिससे कि हम तनाव संबंधी तकलीफों में भी कमी पाएंगे। आईये! हम क्षमा करने और भूल जाने' की भावना के लिए खुद को समर्पित करें। यदि हम क्षमा करने की कला सीखने के लिए साहसी और हिम्मत रखने वाले हैं तो हम अपना ध्यान उन लक्ष्यों पर लगाएं जो हमें पिता-परमेश्वर से मिलाएंगे। यदि हम अपने मन को शांत करेंगे तभी हम ध्यान-अभ्यास में उन्नति कर सकते हैं जिससे कि हम वापिस पिता- परमेश्वर में जाकर लीन हो सकते हैं।

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

# संस्कार भारती ने किया पथ संचलन का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरकार भारती महानगर इकाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का स्वागत किया गया। द्रोण बी एस कॉलेज जाफरपुर में लगे संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष के स्वयं सेवकों के द्वारा पथ संचलन निकाला गया। किया। जिसका स्वागत संस्कार भारती द्वारा पुष्प वर्षा एवं पंडितों द्वारा मंत्रोचारण व शंखनाद



से किया गया। राष्ट्रसेवा का आहवान करते हुए पथ संचलन के माध्यम से समरसता का संदेश जनमानस तक पहुचाया गया। इस दौरान नगर इकाई अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, महामंत्री शैली बंसल, कोषाध्यक्ष श्याम मोहन कांडपाल, प्रांत मंत्री बिमल मेंहरा, प्रांत संपर्क प्रमुख युगराज रघुवंशी, संरक्षक चौधरी विनोद फौगाट, प्रदीप अग्रवाल, राजकुमार बिन्दल, सुनील शुक्ला, रवि सिंह, राजेन्द्र तुलसियान, मेक्समेड कंपनी सिडकुल के स्वामी सौरभ तायल, समाजसेवी संजय ठुकराल आदि उपस्थित रहे।

# छोटा हाथी वाहन हड़पने में दो के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मरम्मत के लिए दिये छोटा हाथी वाहन वापस न करने तथा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के विरूद्ध रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में राजपाल पुत्र बुद्दन निवासी भूतबंगला ने साकिर अंसारी व बबलू निवासीगण सिरौलीकला, थाना पुलभट्टा. किच्छा के विरूद्ध कहा है कि उसका छोटा हाथी वाहन संख्या यूके 06सीए 5142 है जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वाहन में कुछ तकनीकी खराबी होने के कारण उसने वाहन गाड़ी मकैनिक साकिर अंसारी तथा बबलू को दी जो कुछ दिन में ठीक कर वापस करने का वादा कर गये। जब काफी दिनों के बाद भी वाहन वापस नहीं मिला तो उसने मौके पर जाकर उक्त गाड़ी मकैनिक की दुकान पर जाकर पता किया तो वहां उसकी गाड़ी नहीं मिली तथा उनकी दुकान भी बन्द मिली। 5 फरवरी को रूद्रपुर सब्जी मार्केट में वह मिले तो उसने अपने वाहन बावत टोका। जिस पर उक्त लोग उससे गाली गलौच कर मारपीट करने लगे। आस पास मौजूद लोगों ने उसे बचाया। जाते जाते उन्होंने जान से मारने की धमकी दी । मामले की शिकायत पुलिस से की किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

# पत्रकार प्रेस परिषद की खटीमा इकाई का गठन

## अशोक सरकार अध्यक्ष, गुड्डू खान बने महासचिव

खटीमा(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी की मौजूदगी में खटीमा के पत्रकारों की आयोजित बैठक में परिषद की खटीमा इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से खटीमा इकाई के लिए अशोक सरकार को अध्यक्ष, दीपक यादव को उपाध्यक्ष, गुड्डू खान महासचिव, सुंदर बहादुर सचिव, ईश्वर सिंह कोषाध्यक्ष, सलीम कुरैशी संगठन मंत्री, आमिर सिद्दीकी प्रचार मंत्री, माया शंकर प्रचार मंत्री, आमिर अंसारी प्रचार मंत्री, गणेश पुजारा मीडिया प्रभारी, टोनी वर्मा सह मीडिया प्रभारी, शकील, हेमंत कुमार, विजय कुमार और अमित कुमार कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। जबकि अनुज शर्मा और भरत सिंह को मण्डल कार्यकारिणी के लिए नामित किया गया। इस अवसर पर कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद देश के चौबीस राज्यों में पत्रकार हितों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं में संगठन को मजबूती से खड़ा किया जायेगा। जल्द ही पूरे कुमाऊं में जिला एवं नगर इकाईयों का गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परिषद पत्रकारों के हितों की आवाज मजबूती से उठायेगी। किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से पत्रकारों की समस्याओं को लेकर एकजुट होने का आहवान भी किया।






# सामाजिक संगठन ने स्व.संदीप संधू की स्मृति में लगाई छबील

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्व. संदीप सिंह संधू की 12 वीं पुण्य तिथि पर आज सामाजिक संगठन जिंदगी जिंदाबाद द्वारा डी डी चौक पर छबील लगाकर लोगों को मीठा जल वितरित किया गया। इससे पूर्व सभी ने अरदास कर स्व. संधू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भारत भूषण चुघ, कुलबीर सिंह ढिल्लो, राजीव चावला, ललित शर्मा, मनोज गाबा, सुरेंद्रपाल, मौनी जलहोत्रा, बलविंदर सिंह बल्लू, विजय कथूरिया, गुरदीप सिंह गाबा, गुरजोत विर्क,रघुवीर सिंह विर्क,अजमेर सिंह,युवराज सिंह, हरजिंदर सिंह धरीवाल,करन सिंह धारीवाल, मनवीर सिंह विर्क, हरपाल सिंह, विक्रम सिंह, आलमवीर सिंह विर्क,लवली लांबा, आशू गंभीर आदि मौजूद थे।


MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE

NEELKANTH ENTERPRISE

Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614


# गुरुओं के संदेश देते हैं समाज को सही दिशा: कुलदीप

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । सिख धर्म के सभी दस गुरु महाराज के संदेश समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। हम सभी का यह प्रथम दायित्व है कि गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। यह बातकेंद्रीय विश्व विद्यालय, धर्मशाला, हिमांचल प्रदेश के पूर्व कुलपति प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संपर्क विभाग द्वारा गौरवशाली सिख गुरु परम्परा एवं सप्त सिंधु का इतिहास विषय पर सिटी क्लब में आयोजित विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अपने संविधान में कहीं। उन्होंने कहा कि सिख समाज के दस गुरु महाराज सतगुरु श्री नानकदेव जी महाराज, सतगुरु अंगद देव जी महाराज, सतगुरु अमरदास जी महाराज, सतगुरु रामदास जी महाराज, सतगुरु अर्जुनदेव जी महाराज, सतगुरु हरगोबिंद जी महाराज, सतगुरु हरिराय जी महाराज, सतगुरु हरिकिशन जी महाराज, सतगुरु तेग बहादुर जी महाराज तथा सतगुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने समाज को सद्कर्म करने, आपस में मिलजुल कर रहने, जुल्म व अत्याचार के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करने, जरूरत मंदों की मदद करने, सभी का सम्मान करने आदि संदेश दिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय समाज सेवा के लिए भी निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिख समाज का गौरव शाली इतिहास रहा है। समाज के गुरुओं द्वारा धर्म की रक्षा के लिए दी गई कुर्बानियों को आज भी याद किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायक मनविंदर सिंह , सितारगंज ने तथा संचालन बरीत सिंह एडवोकेट ने किया। इस मौके पर डॉ. शैलेन्द्र प्रान्त प्रचारक , गजेंद्र सिंह संधू शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायलय नैनीताल, राम सिंह बेदी, गुरदीप सिंह गाबा, हरविंदर सिंह विर्क, भारत भूषण चुघ, बलजीत सिंह विर्क, अरविंदर सिंह मट्टू, प्रीत सिंह, सुरजीत सिंह ग्रोवर, उपकार सिंह, सोमपाल सिंह , अमरजीत सिंह , गुरनाम सिंह कामरा, गुरविंदर सिंह, सरदार सिंह चावला, हरपाल सिंह चावला, डॉ. मनदीप सिंह, डॉ. जसविंदर सिंह गिल, गुरमीत सिंह, बलजीत सिंह गावा,किरण विर्क,सुरेंद्र सिंह, अवतार सिंह, अजीत पाल सिंह, मुख्तियार सिंह आदि मौजूद थे।





# जिला क्रिकेट लीग में उज्जवल गुप्ता ने जड़ा दोहरा शतक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिले में चल रही अंडर 16 डेज जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का मैच जैन ग्लोबल स्कूल में वारियर्स क्रिकेट एकेडमी आरडीपीएस क्रिकेट एकेडमी रुद्रपुर के मध्य खेला गया। वॉरियर्स क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन के खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 247 रन 9 विकेट खोकर बना लिए थे। जिसमें उज्जवल गुप्ता ने शानदार दोहरा शतक बनाकर 205 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं। अपने दोहरा शतक में उज्जवल गुप्ता ने 33 चौके और 2 छक्कों लगाएं।उनका साथ नितिन ने दिया जिन्होंने 70 रन बनाए। पहले दिन के खेल समाप्त होने तक वार्यस क्रिकेट एकेडमी ने 9 विकेट पर 247 रन बना लिए हैं। डीपीएस रुद्रपुर की तरफ से जीवांश यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट लिए जबकि नैतिक भट्ट और कृष्णा ने 1-1 विकेट लिया। इस तीन दिवसीय मैच में अभी 2 दिन शेष बचे हुए हैं मैच के अंपायर रोहित चौहान और पंकज ऑनलाइन स्कोरिंग मुस्कान द्वारा की गई ।इस अवसर पर निर्भय सिंह ,हार्दिक अरोड़ा ,नवीन टम्टा नूर आलम, बलवंत सिंह ,सुधीर जोशी और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# पेज एक का शेष...

**सेना को मिले...** होकर अफसर बनेंगे। जबकि, उत्तराखंड इस बार पहली बार की तुलना में दो पायदान पीछे खिसक गया है। पिछले साल जून की परेड में उत्तराखंड के कैडेट्स की संख्या 33 थी। जो इस बार घटकर 25 रह गई है। लेकिन, आबादी के लिहाज से देखें तो इस बार भी कैडेट्स देने वालों में उत्तराखंड अव्वल है। इस साल सिक्किम, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार से एक भी कैडेट आईएमए से पास आउट नहीं होगा। जबकि, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, असम, चंडीगढ़, गोवा, मणिपुर, ओडिसा व पुडुचेरी से एक-एक कैडेट भारतीय सेना का हिस्सा बनेगा। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने आईएमए स्नातकों से युद्ध के तेजी से बदलते स्वरूप से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अपने कौशल को अपडेट करते रहने को कहा। आईएमए के स्प्रिंग टर्म कोर्स के समापन पर पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए जनरल पांडे ने कहा कि प्रौद्योगिकी के तेजी से विकास के साथ युद्ध की गतिशीलता तेजी से बदल रही है और युद्ध की जगह अधिक जटिल हो गई है। ऐसे परिदृश्य में तकनीकी कौशल, मानसिक चपलता, महत्वपूर्ण मुद्दों पर सोचना और त्वरित प्रतिक्रिया सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने नए कमीशन अधिकारियों से उनकी योग्यता को लगातार बढ़ाने के लिए कहा।

**इस्लामका कट्टर समर्थक...** पढ़ाई की है। उसके कमरे से एक लैपटॉप मिला है। बताया जा रहा है कि उसने तीन साल पहले लॉकडाउन के वक्त क्रिप्टो में ट्रेडिंग शुरू की थी। इसी दौरान वह कुछ इस्लामिक ग्रुप से जुड़ गया। वहां उसने उर्दू बोलना सीख लिया। कमरे में बैठकर पांच वक्त की नमाज भी पढ़ता है। एसएसपी ने बताया कि इस बीच कुछ लोग उसके पाकिस्तान से संपर्क होने की बात भी कर रहे हैं। लेकिन, पुलिस जांच में अभी तक ऐसा तथ्य सामने नहीं आया है। वैभव का लैपटॉप कब्जे में लिया गया है। उससे पूछताछ भी की जा रही है। प्रथमदृष्टया वह डिप्रेशन में लग रहा है। उसके पिता उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाह रहे थे। उसके लैपटॉप में यूट्यूब वीडियो की हिस्ट्री भी मिली है। यह चैनल कहां के हैं और कौन इन्हें चला रहा है, इसकी जांच की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि वैभव केवल खाना खाने के लिए ही कमरे से बाहर आता था। इस दौरान भी वह इस्लाम के बारे में ही बात करता था। पुलिस ने भी जब उससे पूछताछ की तो वह खुद को मुस्लिम ही बता रहा है। वह इस्लाम की तारीफें कर रहा है और अपने मूल धर्म के बारे में अनर्गल बातें कर रहा है।

**पेंट की दुकान में...**बाद आाग को काबू किया गया। तब तक दुकान में रखा लाखों का पेंट व अन्य समान जलकर राख हो गया। अग्निकाण्ड के दौरान मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गयी। इस दौरान किच्छा रोड पर आवाजाही भी प्रभावित हुई। भीड़ को हटाने में पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बमुश्किल यातायात सुचारू कराया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल , महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा समेत तमाम जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने अग्निकाण्ड पीड़ित को ढांढस बंधाया। अग्निकाण्ड का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने से करीब पचास लाख का नुकसान होने का अनुमान है। समाचार लिखने तक क्षति का आंकलन नहीं हो पाया था।

**धामी राज में गरीब पर...**भी ,जहां सामान्यता भीड़भाड़ कम होती है, पहुंचकर चालान की कार्यवाही करें तो यह उचित नहीं लगता क्योंकि सड़क के किनारे व्यापार कर रहे इन गरीब ठेली वालों से नगर निगम बकायदा 23 रुपए तहबाजारी रोजाना वसूलता है। पुलिस की ऐसी कार्यवाही उस स्थान पर और भी पीड़ादायक हो जाती है जिस स्थान को नगर निगम ने बकायदा इश्तहार देकर वेंडिंग जोन घोषित कर रखा है। हम अपने पाठकों को बता दें कि नगर निगम के वेंडिंग जोन क्रमांक 7 का यह बोर्ड रुद्रपुर सब्जी मंडी के नैनीताल रोड वाले मुहाने साफ देखा जा सकता है। इसी स्थान पर कुछ ठेली वाले फलों की दुकान लगा कर अपनी रोजी रोटी चलाते हैं ।यहां यह बताना जरूरी है कि उपरोक्त स्थान पर ठेली वालों द्वारा कोई स्थाई निर्माण नहीं किया गया है और ना ही उनके द्वारा यातायात को स्थाई रूप से बाधित ही किया जाता है। उनकी एक प्रकार की चलित दुकान रहती है वह दिन भर व्यापार करते हैं और रात्रि 9 बजे के लगभग वे उक्त स्थान को खाली करके चले जाते हैं। बावजूद इसके भी पुलिस को ठेली वालों का नगर निगम के वेंडिंग जोन में खड़ा होना खासा नागवार गुजरता है और वह हर 2 दिन के अंतराल में इनका 250 रुपए का चालान काट रही है । इस तरह इन गरीबों पर दोहरी मार पड़ रही है एक तरफ नगर निगम इनसे तहबाजारी वसूल रहा है और दूसरी ओर पुलिस इनसे ढाई सौ रुपए चालान के वसूल कर रही है ।बड़ी विडंबना तो यह है कि पुलिस के जवान केवल चालान काटकर ही संतुष्ट नहीं होते । अगर उनका पारा चढ़ गया तो गरीब ठेली वालों को गालियों से भी अलंकृत कर देते हैं और कभी -कभी तो उनका सामान भी जप्त कर लेते हैं। इतना ही नहीं कई बार तो पुलिस द्वारा इन गरीबों की ठेली ही पलट दी जाती है। ऐसा भी नहीं है कि यह पुलिसिया कार्यवाही केवल बाजार क्षेत्र में ही होती है बल्कि शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से बाहर की सड़कों पर पुलिस की ऐसी मेहरबानी अक्सर ही देखने को मिल जाया करती है। मजे की बात तो यह है कि पुलिस द्वारा चालान की यह कार्यवाही तब हो रही है जबकि रुद्रपुर शहर में कहीं भी कोई घोषित वेंडिंग जोन नहीं है। बता दें कि शहर के लिए एक अदद वेंडिंग जोन की परिकल्पना अभी तक सत्ता पक्ष के तथाकथित संवेदनशील जनप्रतिनिधियों के जुबानी जमा खर्च तक ही सीमित है। लिहाजा बड़ा सवाल तो यह है किशासन-प्रशासन की ओर से जब आज तक रुद्रपुर शहर में किसी वेंडिंग जोन की व्यवस्था ही नहीं की गई है, तो यह गरीब उत्पीड़न क्यों? और गरीब ऐसी स्थिति में जाए तो जाए कहां ? क्या स्थानीय प्रशासन ,सत्ता पक्ष के तथाकथित संवेदनशील और गरीब हितैषी जनप्रतिनिधि तथा पुलिस प्रशासन के लोग यह स्पष्ट करने का कष्ट करेंगे, कि क्या उत्तराखंड में की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त बनाने संबंधी मुख्यमंत्री के आदेश का अभिप्राय, केवल और केवल यही है कि उत्तराखंड की किसी भी सड़क के किनारे किसी गरीब को व्यापार ही न करने दिया जाए ?

**घर से मोबाईल...**अन्दर खड़ा हुआ है। जब उससे घर में आने का कारण पूछा तो व्यक्ति ने उत्तर दिया कि पानी पीने आया है। फिर वह व्यक्ति भागने लगा। आस पास खड़े लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम अनीश पुत्र मेंहदी हसन निवासी वार्ड 5 खेडा बताया। सुनीता का कहना है तलाशी लेने पर उसके पास से उसका मोबाईल फोन बरामद हुआ। इसके पहले भी उसके घर मे सात बार चोरी हो चुकी है। पकडे गये युवक अनीश को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी अनीश को मोबाईल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

**फर्जी पुलिस कर्मियों...**रूपये की नगदी और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित युवक शिकायत लेकर चौकी भी गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुयी।

**संदीप संधू की याद में...**सिंह संधू, जसपाल सिंह संधू, अजय आनंद,जयदीप मल्ली, बघेल सिंह, भानु प्रकाश, रविंद्र संधू, संदीप बाबा, हरविंदर सिंह, लखबीर सिंह, विजयपाल, अर्शित,दिनेश कुमार, नवाब हुसैन, सागर राजदेव, सौरभ राजदेव, सोनिया खुराना, अनिकेत रजवार, शुभम बिष्ट, अमित वाजपेयी, हरपाल सिंह आदि सहित सेकड़ों युवा मौजूद थे।

## नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 07 क्रमांक 22 पर श्री भगवान दास पुत्र ज्वाला राम का नाम अंकित है। जो कि उत्तरजीवी प्रमाण पत्र में रामप्यारी, बलदेव राज छाबड़ा, अशोक कुमार, कैलाश रानी, राकेश कुमार, राजीव कुमार, विनोद कुमार का नाम अंकित है। जिसमें रामप्यारी, अशोक कुमार, कैलाश रानी, राकेश कुमार, राजीव कुमार, विनोद कुमार ने गृहकर अभिलेखों में अपने भाई श्री बलदेव राज छाबड़ा पुत्र श्री भगवान दास से नाम से नामान्तरण करने के लिये नोट्री शपथ पत्र पर अनापत्ति दी है। जो कि उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर श्री बलदेव राज पुत्र श्री भगवान दास निवासी वार्ड नं0 07 गदरपुर के नाम से गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण अभिलेखों में नामान्तरण के लिये प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद- मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**

## सूचना संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सन्नी कश्यप आये दिन घर में कलह करता है और मेरे साथ मारपीट करता है। काफी समझाने के बाद भी उसका व्यवहार नहीं सुधरा,जिससे दुखी और परेशान होकर मैंने अपने पुत्र सन्नी कश्यप को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा सन्नी कश्यप से किसी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार और सम्बंध नहीं रहेगा। सन्नी कश्याप अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य और लेन-देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

महेश कश्यप पुत्र लाखन सिंह निवासी वार्ड नं. -13, आदर्श कालोनी, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA
APPROVED
PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000